


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 05 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 140 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# कुछ बोल नहीं पाए पीएम

## विपक्ष ने खूब मचाया शोर-शराबा, तीन बार स्थगित की गयी लोकसभा




● बिना प्रधानमंत्री के संबोधन के ही पास हो गया धन्यवाद प्रस्ताव

● कांग्रेस ने कहा-जब तक राहुल गांधी नहीं बोलेंगे तब तक पीएम को भी बोलने नहीं दिया जायेगा

● 22 साल पहले ऐसे ही डा. मनमोहन सिंह को भी कराया गया था खामोश

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 7वें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। इससे पहले 10 जून 2004 को विपक्ष ने तत्कालीन मनमोहन सिंह को धन्यवाद प्रस्ताव पर नहीं बोलने दिया था। गुरुवार को लोकसभा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इस पर स्पीकर ने पहली बार 65 सेकंड के भीतर, दूसरी बार 5 मिनट में और तीसरी बार 2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। लोकसभा 3 बजे दोबारा शुरू होगी। इस बीच कांग्रेस के लोकसभा से निलंबित सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात रखने की इजाजत नहीं दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम नरेंद्र मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा। राज्यसभा में भी राहुल गांधी को लोकसभा में बोलने से रोकने के मुद्दे पर हंगामा हुआ। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल को पूर्व सेना प्रमुख की अप्रकाशित किताब पर नहीं बोलने दिया, मैं उसपर यहां बोलूंगा। इस पर उपसभापति ने उन्हें रोक दिया। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने खड़गे से कहा- राहुल गांधी नियम नहीं मानते, आप उन्हें समझाते क्यों नहीं। हंगामे के बाद विपक्षी सांसद राज्यसभा से वॉकआउट कर गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रधानमंत्री आज शाम 5 बजे राज्यसभा में भाषण दे सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम की कुर्सी का घेराव करने वालों में विपक्षी सांसद वर्षा गायकवाड़ और ज्योतिमणि भी शामिल थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम की कुर्सी का घेराव करने वालों में विपक्षी सांसद वर्षा गायकवाड़ और ज्योतिमणि भी शामिल थीं। लोकसभा में बुधवार को शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था- जो सही है, वो करो। पीएम नरेंद्र मोदी धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते लोकसभा स्थगित कर दी गई। इससे पीएम का संबोधन भी टल गया।

## चाइनीज मांझे से मौत अब क़त्ल माना जाएगा

### सीएम का सख्त एक्शन

● छापेमारी करके अवैध बिक्री को रोकने का निर्देश

● हर घटना की होगी उच्च स्तरीय जांच





**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे से होने वाले हादसों पर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने इस पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है और पुलिस अधिकारियों को पूरे राज्य में छापेमारी करके इसकी अवैध बिक्री को रोकने का निर्देश दिया है। उन्होंने चाइनीज मांझे के खिलाफ पूरे राज्य में अभियान चलाने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि चाइनीज मांझे से होने वाली किसी भी मौत को हत्या माना जाएगा और पूरे ऑपरेशन की समीक्षा उच्चतम स्तर पर की जाएगी। लखनऊ के बुलाकी अड्डा स्थित हैदरगंज पुल के पास बुधवार की शाम बाइक से जा रहे 33 वर्षीय मोहम्मद शोएब की गर्दन में मांझा फंस गया था। शोएब कुछ समझ पाते इसके पहले ही मांझे से उनकी गर्दन की नसें कट गई। किसी तरह उन्होंने बाइक रोकी और अचेत होकर सड़क पर गिर गए। राहगीरों की मदद से उन्हें ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस हादसे का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी ने सख्त रुख अपनाया है।

## ट्रक में घुसी कार, तीन की मौत कोहरे ने और भी ढाया कहर

**लखनऊ।** यूपी में कोहरे का कहर जारी है। गुरुवार सुबह लखनऊ, प्रयागराज समेत 15 जिले घने कोहरे की चपेट में रहे। कोहरा बारिश की तरह गिरा। सड़कें गीली हो गईं। विजिबिलिटी शून्य तक सिमट गई। सड़कों पर कुछ भी देखना मुश्किल हो गया। लखीमपुर-खीरी में हाईवे पर जलालपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से जा घुसी। हादसे में बहराइच के पति, पत्नी और साले की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। वहीं, उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के कारण बस-कारों समेत 10 गाड़ियां टकरा गईं। हादसे में 10 लोग घायल हो गए। एक्सप्रेस-वे पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। कोहरे की वजह से रेल यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कानपुर समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 25 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पछुआ हवाओं से सुबह और शाम ठंड बढ़ गई है। कल से पहाड़ी राज्यों में फिर से बर्फबारी और बारिश का दौर शुरू होगा। इसका असर यूपी पर पड़ेगा।

## ओडिशा में पटरी से उतरी चेन्नई-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस

भुवनेश्वर। चेन्नई-न्यू जलपाईगुड़ी-चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस के तीन डिब्बे जाजपुर रोड स्टेशन जखपुरा के पास पटरी से उतर गए हैं।लाइन का मरम्मत कार्य चल रहा था, जिससे ट्रेन की रफ्तार कम थी। ऐसे में इस हादसे में किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया है। राहत बचाव के लिए भद्रक से एक टीम को भेजा गया है।इस घटना के बाद कुछ ट्रेन सेवा बाधित हुई है। जानकारी के मुताबिक आज सुबह 8:50 बजे यह घटना घटी है। ट्रैक चेंज करने के दौरान एक एसी कोच एवं दो सामान्य डिब्बे पटरी से उतर गए। वर्तमान समय में तीनों डिब्बों को पुनः पटरी पर लाने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर जाजपुर रोड रेलवे पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन सिद्दीकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा (Crime Branch) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अल फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की शिकायतों पर दर्ज दो प्राथमिकियों (FIR) के आधार पर की गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कार्यवाही शुरू करने के बाद दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई की है। लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद अपराध शाखा ने निजी विश्वविद्यालय के कामकाज से संबंधित कथित अनियमितताओं और धोखाधड़ी के संबंध में मामले दर्ज किए थे। अधिकारी ने बताया कि सिद्दीकी को स्थानीय अदालत में पेश किया जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## 'घूसखोर पंडित' पर ब्राह्मण समाज ने जताया विरोध, हाईकोर्ट में याचिका दायर



**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडित' रिलीज से पहले ही विवादों में फंस गई है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली ये फिल्म अब कानूनी पचड़े में भी फंस गई है। फिल्म के टाइटल को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म का शीर्षक ब्राह्मण समुदाय के प्रति अपमानजनक है। वहीं फिल्म को लेकर अब ब्राह्मण समुदाय के लोग सड़कों पर भी उतर गए हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## पुलिस और माओवादियों के बीच तड़तड़ायीं गोलियां

### एक नक्सली मौके पर ढेर, अभियान जारी



● 31 मार्च तक देश से नक्सलियों को समाप्त करने की समयसीमा निर्धारित है

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टी की। जिले के दक्षिणी हिस्से के जंगल में सुबह 7:30 बजे यह फायरिंग शुरू हुई, जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम एंटी-नक्सल ऑपरेशन पर निकली थी। एक अधिकारी के अनुसार फायरिंग का सिलसिला अभी भी जारी है। अब तक मुठभेड़ स्थल से एक नक्सली का शव और एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी ऑपरेशन समाप्त होने के बाद साझा की जाएगी। इस कार्रवाई के साथ, इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम 23 माओवादी मारे जा चुके हैं। इससे पहले, तीन जनवरी को बस्तर क्षेत्र में दो मुठभेड़ों में 14 माओवादी ढेर किए गए थे। बस्तर क्षेत्र में सात जिले आते हैं, जिनमें बीजापुर भी शामिल है। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ों में कुल 285 माओवादी मारे गए थे।

## जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा पर हाई लेवल मीटिंग, आज से तीन दिन दौरे पर रहेंगे शाह



**जम्मू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार (पांच फरवरी) को जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंच रहे हैं। इस दौरे के दौरान गृह मंत्री प्रदेश के मौजूदा सुरक्षा-विकासात्मक परिदृश्य का जायजा लेने के अलावा सीमांत क्षेत्रों का दौरा करेंगे। वह विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों में सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे और कुछ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गृह मंत्री के दौरे की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके साथ जम्मू-कश्मीर से जुड़े कई मुद्दों पर बातचीत होगी। विकासात्मक परिदृश्य पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

## अदालत से बंगाल सरकार को झटका, छह मार्च तक देना होगा महंगाई भत्ता



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार और उसके कर्मचारियों के बीच लंबे समय से महंगाई भत्ते (DA) के भुगतान को लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे में गुरुवार (05 फरवरी) को शीर्ष अदालत ने बंगाल सरकार को झटका देते हुए करीब 20 लाख कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि महंगाई भत्ते का भुगतान लागू करने योग्य अधिकार है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि 2008 से 2019 तक की अवधि का DA बकाया भुगतान किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इस बात को भी साफ किया कि कुल बकाए की कम से कम 25 प्रतिशत राशि 6 मार्च तक जारी कर दी जानी चाहिए।




## वो अबोध हैं मगर आप तो सीनियर हैं

### खरगे से बोले नड्डा

● सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, लोकसभा को चलने तो दीजिए



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आज कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी बहस देखने को मिली। जेपी नड्डा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ना नाम लिए बगैर, उन्हें अबोध बालक कहा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से कहा, 'आप हमसे बहुत सीनियर हैं... एक बात मैं जरूर निवेदन करूंगा। अपनी पार्टी को अबोध बालक का बंधक मत बनने दीजिए।' जेपी नड्डा ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर समय और सभी विषयों पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा में पीएम मोदी जवाब देने के लिए तैयार बैठे रहे, लेकिन विपक्ष ने लोकसभा को चलने नहीं दिया।

### अबोध कहने पर भड़कीं प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** जेपी नड्डा के 'अबोध' शब्द का इस्तेमाल करने पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'यह किस तरह की बातें हैं? वे किस बात से डर रहे हैं? कि राहुल किसी किताब से कुछ कोट करेंगे? या वे एपस्टीन फाइलों से डर रहे हैं? या कि हम उनसे इस डील पर सवाल करेंगे?'

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.0°C
● तापमान न्यूनतम : 7.2°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 05 फरवरी, गुरुवार, 2026 (3)





सिंधुरिया कॉलोनी में निरीक्षण करते नगर आयुक्त व अन्य। छाया : जनमुख

# सांस्कृतिक आयोजनों से सजेगी शिवरात्री

## दिन-रात मिलेगा बाबा का झांकी दर्शन



● त्र्यंबकेश्वर से आएगी हल्दी, 27 फरवरी को मनायी जाएगी रंगभरी एकादशी

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर काशीपुराधिपति भगवान श्रीकाशी विश्वनाथ रात्रि जागरण करेंगे और भक्तों को 45 घंटे तक निरंतर दर्शन देंगे। धाम में इस बार अनेक नवाचार और सांस्कृतिक आयोजनों की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। भक्तों के लिए यह अवसर विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन भगवान शिव की आराधना का महत्व अत्यधिक होता है। श्रद्धालु दूर-दूर से आकर बाबा के दर्शन करने के लिए आते हैं और इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में 15 फरवरी की भोर में 2:15 बजे से मंगला आरती का आयोजन होगा, जो 3:15 बजे तक संपन्न होगी। आरती के बाद गर्भगृह की साफ-सफाई के लिए 15 मिनट का समय लिया जाएगा, जिसके पश्चात प्रातः 3:30 बजे मंदिर के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे। महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों में धाम को विद्युत झालरों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है, जिससे यह और भी आकर्षक बन जाएगा। मां-दिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भक्तों को पूरे दिन और रात बाबा का झांकी दर्शन उपलब्ध रहेगा। यह दर्शन चारों प्रहर की आरती के दौरान भी जारी रहेगा। मध्याह्न भोग आरती प्रातः 11:40 बजे से प्रारंभ होकर 12:20 बजे तक चलेगी। प्रथम प्रहर की आरती रात्रि 10 बजे से 12:30 बजे तक, द्वितीय प्रहर की आरती रात्रि 1:30 बजे से 2:30 बजे तक, तृतीय प्रहर की आरती प्रातः 3:30 बजे से 4:30 बजे तक और चतुर्थ प्रहर की आरती प्रातः 5:00 बजे से 6:15 बजे तक की जाएगी। इन आरतियों के बीच भी भक्तों को बाबा के दर्शन होते रहेंगे। परंपरा के अनुसार, महाशिवरात्रि की रात्रि बाबा की शयन आरती नहीं होती है और गर्भगृह भी बंद नहीं किया जाता है। 15 फरवरी की भोर से लेकर 16 फरवरी की रात्रि में शयन आरती तक बाबा श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस बार महाशिवरात्रि पर विशेष रूप से त्र्यंबकेश्वर से हल्दी लाने की व्यवस्था की गई है, जो बाबा को लगाने के लिए उपयोग की जाएगी।

### 28 फरवरी को चिता भस्म की होली

वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर 28 फरवरी को 'चिता भस्म की होली' मनाई जाएगी। रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित यह अनूठी होली बाबा विश्वनाथ द्वारा अपने गणों के साथ खेली जाती है। गुलशन कपूर ने 25 वर्षों से इस परंपरा को पुनर्जीवित किया है, जो आध्यात्मिक एकता और जीवन के सत्य का संदेश देती है। भक्त इस दिव्य अनुभव के साक्षी बनेंगे।

## अब अपराधियों की खैर नहीं!

● काउंटर स्पेशलिस्ट एडीसीपी बनकर आए वाराणसी, 42 को ठोंक चुके हैं



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी में गिने जाने वाले 2011 बैच के IPS अधिकारी आलोक प्रियदर्शी को कमिश्नरेट गाजियाबाद से वाराणसी कमिश्नरेट में तबादला किया गया है। डीसीपी क्राइम/एडीसीपी काशी सरवणन टी को उन्नाव में एसपी के पद पर नवीन तैनाती दी गई है। वहीं गाजियाबाद कमिश्नरेट में तैनात आईपीएस आलोक प्रियदर्शी को वाराणसी में एडिशनल सीपी के पद पर नवीन तैनाती दी गयी है। 2011 बैच के आईपीएस आलोक प्रियदर्शी पटना के रहने वाले हैं। जेएनयू में पढ़ाई के दौरान ही साल 1989 में आलोक एक इंग्लिश न्यूज पेपर में जर्नलिस्ट बन गए लेकिन कुछ दिन बाद उन्होंने UPSC की तैयारी शुरू कर दी। बस 4 से 5 घंटे तैयारी करके ही UPPSC में 1991 बैच में PPS में चयन हो गया। पहली पोस्टिंग सीओ के तौर पर महराजगंज में हुई थी। IPS आलोक प्रियदर्शी बदायूं कांड में ऑन द स्पॉट फैसला करके चर्चा में आये थे। अभीतक उन्होंने कुल 42 कुख्यात अपराधियों के एनकाउंटर किए हैं और तीन बार यूपी एसटीएफ में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आलोक प्रियदर्शी के नाम का अपराधियों में खौफ है। बदायूं में मार्च 2024 में दो बच्चों की हत्या की गई थी। इस समय यहां आलोक एसएसपी हुआ करते थे। जिसके मुख्य आरोपी का एनकाउंटर किया गया था।

## नृत्य से की सरस्वती वंदना



● 'शिक्षा चौपाल' में महमोहक प्रस्तुतियों ने किया विभोर

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कंपोजिट विद्यालय कोटवाँ (विकास खंड चिरईगाँव) में आयोजित 'शिक्षा चौपाल' समुदाय और शिक्षा के बीच एक मजबूत सेतु साबित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर एकेडमिक रिसोर्स पर्सन विज्ञान रश्मि त्रिपाठी द्वारा किया गया। छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से सरस्वती वंदना की। कंपोजिट विद्यालय कोटवा के छात्राओं ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक क्षण वह था जब अभिभावकों के साथ सीधा और आत्मीय संवाद किया गया। जिसमें उन्होंने खुल कर भावनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका वेणु टकसाली ने किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रीति सिंह ने कार्यक्रम की सार्थकता की सराहना की।

## दिल्ली से वाराणसी आ रहा विमान लखनऊ भेजा गया




**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर वाराणसी आने वाला विमान मौसम की वजह से डायवर्ट करना पड़ गया। गुरुवार को दिल्ली से वाराणसी आ रहे विमान को मौसम खराबी के कारण लखनऊ भेजा गया। बाद में मौसम समान्य होने पर विमान को वापस बुलाया गया। जानकारी के अनुसार दिल्ली से वाराणसी आ रहे इंडिगो का विमान 6 ई 6741 दिल्ली से अपने निर्धारित समय सुबह 4:45 बजे उड़ान भरा और सुबह 5:45 बजे वाराणसी हवाई क्षेत्र पहुँचा और लैंडिंग की अनुमति माँगी लेकिन रनवे पर दृश्यता कम होने के कारण लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल सकी और विमान मौसम ठीक होने के इंतजार में हवा में चक्कर काटता रहा।

# रिमांड में 'पूछताछ' के बाद खुले कई राज

## कफ़ सिरप का गोरखधंधा

● सरगना शुभम के करीबी राहुल ने दी कई अहम जानकारियां, बरामद कराए कई दस्तावेज



**वाराणसी।** कोडीनयुक्त कफ सीरप की तस्करी के मामले में सरगना शुभम जायसवाल के करीबी गायघाट निवासी राहुल यादव को बुधवार को कोतवाली पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर लिया। आठ घंटे की पूछताछ के दौरान राहुल ने तस्करी नेटवर्क से जुड़े कई अहम खुलासे किए और पुलिस को महत्वपूर्ण दस्तावेज भी सौंपे। पूछताछ में सामने आया कि राहुल यादव की श्रीबालाजी मेडिकल नाम से फर्म थी, जि-सके जरिए वह शुभम जायसवाल के साथ मिलकर कफ सीरप की तस्करी में सक्रिय था। राहुल ने अपनी फर्म से जुड़े ई-वे बिल, जीएसटी इनवाइस और अन्य दस्तावेज आरोपी विशाल मल्होत्रा को उपलब्ध कराए थे। विशाल मल्होत्रा भी गायघाट का निवासी है, जो फिलहाल फरार चल रहा है। पुलिस ने रिमांड के दौरान विशाल मल्होत्रा के घर से भी संबंधित दस्तावेज बरामद किए हैं। राहुल यादव से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी सामने आई हैं, जिनके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। कोतवाली पुलिस ने रिमांड पूरी होने के बाद राहुल यादव को शाम को जिला जेल को सुपुर्द कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आआरोपित राहुल यादव को कफ सीरप तस्करी मामले में बीते 12 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था।

## मौसम में उतार चढ़ाव जारी

● शाम ढलते ही बढ़ जाती है सिहरन

**वाराणसी।** वाराणसी में मौसम का रुख एक बार फिर से गुरुवार को बदल गया। एक दिन पूर्व बुधवार को फगुआ हवाओं का जोर शुरू होने के बाद अगली सुबह ठंडी हवाओं का जोर शुरू हो गया। वातावरण में नमी का स्तर भी बढ़ा और गलन भरी हवाओं का भी रुख नजर आया। दिन चढ़ा तो धूप भी खिली लेकिन धूप का असर भी नदारद रहा, दोपहर में कुछ राहत मिली मगर ठंडी हवाओं का असर बना रहा। गुरुवार की सुबह अंचलों में कोहरा तो शहर में कुछ कुहासा नजर आया। वातावरण में ठंडी हवाओं का असर पछुआ के साथ बना रहा तो वातावरण में तापमान में भी कमी आई। कोहरा का असर तो कम हुआ ठंडी हवाओं ने गलन का अहसास भी कराया।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान की मांग के साथ शहीद को श्रद्धांजलि

● क्रांतिपल्ली कालोनी विनायका में मनायी गयी गुप्तेश्वर सिंह की पुण्यतिथि




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारत की सबसे बड़ी समस्या आज भ्रष्टाचार, अनैतिकता एवं दुराचार बन चुकी है, जिसके कारण देश का समग्र विकास और वैश्विक छवि प्रभावित हो रही है। इस समस्या पर काबू पाने के लिए पूरे देश में एसआईआर की तर्ज पर एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। ये विचार श्याम सुंदर सिंह स्मृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में क्रांतिपल्ली कालोनी विनायका में शहीद गुप्तेश्वर सिंह की पुण्यतिथि (4 फरवरी) पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि आज भ्रष्टाचार अर्दली और लेखपाल से लेकर शीर्ष प्रशासनिक पदों तक फैल चुका है। इस अवसर पर आनंद सिंह, विजय कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, भगवन्त सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, पूनम सिंह, ममता वर्मा, रेनू सिंह, वंदना सिंह, गोपाल वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने की। स्वागत वेद प्रकाश सिंह ने किया, धन्यवाद पुष्पा सिंह ने दिया तथा संचालन आशा सिंह ने किया। अध्यक्ष शीला सिंह ने मिष्ठान वितरण किया।

## सिंधुरिया कॉलोनी में जलजमाव को लेकर नगर आयुक्त कठोर

● निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की लगायी क्लास

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों का सघन निरीक्षण कर बुनियादी समस्याओं के निस्तारण की रूपरेखा तैयार की। मोढ़ला और चांदपुर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही उन्होंने सिंधुरिया कॉलोनी में वर्षों से बनी जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए अधिकारियों की क्लास लगायी। सिंधुरिया नगर कॉलोनी के जलभराव व जलनिकासी की समस्या को देखते हुए नगर आयुक्त ने जलनिगम (ग्रामीण) को सड़क के दूसरी ओर ट्रेंचलेस विधि (बिना सड़क खोदे) से पाइप डालने का निर्देश दिया। इतना ही नहीं, सर्विस रोड पर 610 मीटर लंबी सर्विस लाइन भी बिछाई जाएगी। इसके साथ गुणवत्ता और समय सीमा के विशेष ध्यान रखने के लिए सख्त ताकीद की गयी।




## कांग्रेस निकालेगी संविधान संवाद रैली

● पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने किया ऐलान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने अपने आवासीय कैम्प कार्यालय पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए रैली के उद्देश्य और प्रमुख मुद्दों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह रैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि काशी की अस्मिता, आस्था, संस्कृति और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए आयोजित की जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में काशी के साथ विकास के नाम पर ऐसा खिलवाड़ किया गया है, जिससे उसकी आत्मा और पहचान दोनों आहत हुई हैं। संविधान संवाद रैली में काशी से जुड़े कई गंभीर और जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएंगे। इनमें मणिकर्णिका घाट से जुड़ी अव्यवस्थाएं, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के साथ के अपमान का मामला, मनरेगा में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, तथा गंगा में लगातार गिरते नाले जैसे विषय शामिल हैं हम काशी की जनता से अपील करते है की वे बड़ी संख्या में संविधान संवाद रैली में शामिल होकर संविधान, लोकतंत्र और काशी की अस्मिता की रक्षा के इस अभियान को मजबूती प्रदान करें। यह रैली काशी की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश देने जा रही है। राघवेन्द्र चौबे, प्रमोद पाण्डेय, फसाहत हुसैन, दुर्गाप्रसाद गुप्ता, गुलशन अली, डॉ राजेश गुप्ता, वकील अंसारी, अरुण सोनी, संतोष चौरसिया, घनश्याम सिंह, अब्दुल हमीद डोडे, विनीत चौबे शामिल रहे।

## यूजीसी के समर्थन में समाजवादी छात्रसभा की रैली कल!



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** समाजवादी छात्रसभा की बैठक बुधवार को काशी विद्यापीठ में आयोजित की गयी। बैठक में छह फरवरी शुक्रवार को यूजीसी के समर्थन में मलदहिया चौराहे से एक रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। रैली मलदहिया चौराहे से कचहरी तक पहुंचकर सभा में तब्दील हो जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अनिल यादव ने की। इस मौके पर अभिषेक यादव, अमरनाथ यादव, राज यादव, बृजेश यादव, रविन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### सरिया लदे ट्रैक्टर के नीचे दबने से दो मजदूरों की मौत

**मीरजापुर।** क्षेत्र के आमघाट ब्रिज के पास बुधवार की शाम सरिया लदा ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीच दो युवक दब गए। ग्रामीणों ने दोनों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर पलटने के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। सीओ सदर मुरेंद्र पाल ने बताया कि क्षेत्र के कोटवा गांव से ट्रैक्टर लेकर चालक सहित चार लोग सरिया लादने मीरजापुर गए थे। सरिया लादकर लौटते समय आमघाट ब्रिज के पास ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया। ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठे कोटवा गांव निवासी संजय (18), अमन (19) सरिया लदी ट्रॉली के नीचे दब गए। घटना पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने ट्राली व सरिया हटाकर किसी तरह से दोनों को बाहर निकाला। दोनों को मंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। संजय तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अमन दो भाइयों सबसे बड़ा था। दोनों का परिवार मजदूरी कर जीवन यापन करता है। संजय के बड़े भाई लालबहादुर ने आरोप लगाया कि भाई व अमन को ट्रैक्टर चालक घुमाने की बात कहकर मिर्जापुर ले गया था। लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाने से दोनों की मौत हुई। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।
पड़री। थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में दो युवकों की मौत से पूरा गांव शोकाकुल है। बस्ती में चूल्हे नहीं जले। संजय की मां चंदा देवी का रो-रोकर हाल बेहाल है। पिता के मौत के बाद ही संजय ही मां का देखभाल करता था।

## बलिया समाचार

### धान कूटते समय मशीन के पट्टे में फंसने से चालक की मौत

**भीमपुरा ( बलिया )।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चरौवा के मौजा कल्याणपुर में बुधवार की दोपहर धान कूटते समय मशीन के पट्टे में फंसने से ट्रैक्टर चालक नवनीत यादव (21) की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इमिलिया चरौवा निवासी नवनीत यादव गांव के ही विनय यादव का ट्रैक्टर चलाते थे। दोपहर दोनों कल्याणपुर में मुन्ना यादव के यहां धान कूटने के लिए ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। ट्रैक्टर से मशीन चलाकर चावल कूटने की मशीन चलाई जा रही थी। इसी दौरान मशीन की बेल्ट उतर गई। चलती मशीन के दौरान बेल्ट को ठीक करने में नवनीत के हाथ का कड़ा बेल्ट में फंस गया, कोई कुछ समझ पाता तब तक उसकी गर्दन बेल्ट में फंस कर कट गई।

## मऊ समाचार

### डांट से नाराज महिला ने प्रेमी समेत चार लोगों के साथ मिलकर की ससुर की हत्या



**मऊ।** सरायलखंसी थाना के चोरपाखुर्द गांव के ट्यूबवेल के पास जयसिंहपुर गांव निवासी सुबच्चन राजभर उर्फ गेड़ी (54) की हत्या का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया।
प्रेसवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि मामले में मृतक की बहू पिंकी, राममिलन सहित चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। बहू का पति विदेश रहता है। डांटने पर बहू ने अपने प्रेमी और उसके दो दोस्तों के साथ मिलकर धारदार हथियार से सुबच्चन की हत्या कर दी। शराब पीने से लेकर गला रेतने का वीडियो भी बनाया। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि हत्या के बाद से सरायलखंथी थाना के साथ एसओजी और सर्विलांस टीम मामले की जांच कर रही थी।
जांच के दौरान लोगों से पूछताछ और घटना के पास मिले सबूत के आधार पर कुछ अहम सुराग हाथ लगे थे। मृतक की पत्नी ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ तहरीर भी दी थी।

## भदोही समाचार

### लखनों और उगापुर में सड़क हादसे में युवक-वृद्ध की मौत

**ज्ञानपुर।** जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार की रात और बुधवार की दोपहर हुए सड़क हादसों में युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना पुलिस ने परिवार के लोगों को दे दी है। ज्ञानपुर के लखनों गांव के तिराहे के पास मंगलवार की रात छत्रशाहपुर दुलहीपुर निवासी शिवकुमार गौतम (25) बाइक सहित सड़क किनारे खड़े डंपर में टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास के लोग जाग गए। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। युवक के ड्राइविंग लाइसेंस से उसकी शिनाख्त हुई। परिजनों ने बताया कि वह रात नौ बजे किसी से मिलने के ज्ञानपुर गया था।

## आजमगढ़ समाचार

### हिरासत में FCI कर्मी की हत्या, 22 साल बाद तत्कालीन थानाध्यक्ष को उम्रकैद, एक लाख का जुर्माना लगाया



**आजमगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश पांडेय की अदालत ने एफसीआई कर्मचारी हरिलाल यादव की पुलिस हिरासत में गोली मारकर हत्या किए जाने मामले में बुधवार को तत्कालीन थानाध्यक्ष रानी की सराय जेके सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जेके सिंह पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। वह वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र के छितौनी गांव का रहने वाले वाला है। अदालत ने तत्कालीन थानाध्यक्ष को 29 जनवरी 2026 को ही दोषी करार दिया था। साथ ही न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया था। इसी मामले में गाली गलौज करने पर जेके सिंह को एक साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।
पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। दोषी को दोनों मामलों की सजा एक साथ भुगतनी होगी। मामले में दूसरे आरोपी रहे हेड कांस्टेबल नरेंद्र बहादुर सिंह सेवानिवृत्त हो गया था। नरेंद्र की 2017 में मौत हो गई थी। इस मामले की सुनवाई 22 साल तक चली है।

## जौनपुर समाचार

### समय पर पहचान होने पर कैंसर का इलाज संभव

**करंजाकला।** उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) में विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके बताए। कहा कि इसमें समय पर इलाज कारगर होता है। प्रधानाचार्य प्रो. आरबी कमल की देखरेख में जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन और ऑब्स एंड गायनी विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि कैंसर के लक्षणों को लेकर किसी तरह का संकोच घातक हो सकता है। पुरुष और महिलाएं समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें और जरूरी जांच अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि अधिकतर बीमारियों का इलाज संभव है, बशर्ते उनकी पहचान शुरुआती अवस्था में हो जाए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. एए जाफरी ने कहा कि कैंसर हर मरीज में अलग-अलग रूप में सामने आता है।

## सुल्तानपुर समाचार

### भदैंया में छात्र को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौतःट्रैक्टर जब्त



**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में प्रयाग-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में साइकिल सवार छात्र की मौत हो गई। सुबह करीब दस बजे एक ट्रैक्टर ने छात्र को रौंद दिया।
मृतक छात्र की पहचान युगल सिह 19 पुत्र राजेश सिह निवासी नरहरपुर थाना कोतवाली देहात के रूप मे हुई है। छात्र एन आई फरीदीपुर से बी फार्मा का छात्र है। वह प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा देने जा रहा था। दुर्घटना के बाद अयोध्या राजमार्ग के बाईपास पर सुबह जाम लग गया। स्थानीय नागरिकों की मदद से दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है।
यह घटना कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नेकराही गांव के पास हुई। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पकड़े गए ट्रैक्टर के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी टक्करःदो छात्रों की मौत, एक गंभीर

**सुल्तानपुर।** बुधवार शाम टांडा-बांदा हाईवे पर द्वारिकागंज के पास सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब एक रोडवेज बस ने छात्रों की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान समीर (19) और फैज (18) निवासी कटका खानपुर के रूप में हुई है। हादसे में अमन (16) गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों छात्र इनायतपुर के पास टांडा-बांदा हाईवे से होकर बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि समीर और फैज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमन सड़क पर गंभीर हालत में पड़ा मिला। सूचना पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को अवगत कराया। एम्बुलेंस की मदद से तीनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने समीर और फैज को मृत घोषित कर दिया। अमन का अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चंदौली समाचार

### इग्नू अध्ययन केंद्र में 15 फरवरी तक प्रवेश

**सकलडीहा।** चंदौली के सकलडीहा पीजी कॉलेज स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र 48047 पर स्नातक (बीए) और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. समीम राइन ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन है, लेकिन छात्रों की सुविधा के लिए केंद्र पर मार्गदर्शन और परामर्श उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि इग्नू के पाठ्यक्रम कम शुल्क, लचीली पद्धति और रोजगारोन्मुखी संरचना के कारण छात्रों के बीच खासे लोकप्रिय हैं। नियमित कॉलेज नहीं जा पाने वाले विद्यार्थियों के लिए यह एक बेहतर अवसर है। उन्होंने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं से समय पर आवेदन करने की अपील की। विस्तृत जानकारी के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र 48047 से संपर्क किया जा सकता है।

## प्रयागराज समाचार

### यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित, 2719 अभ्यर्थी हुए सफल, 947 हैं कुल पद

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सम्मिलित राज्य/प्रवर (पीसीएस) अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 की मुख्य (लिखित) परीक्षा का परिणाम बुधवार देर रात जारी कर दिया। मुख्य परीक्षा में 2719 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए सफल घोषित किया गया है। परिणाम आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है। पीसीएस के 947 पदों पर भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 में 26 जून से दो जुलाई तक लखनऊ व प्रयागराज के विभिन्न केंद्रों में आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा में 13776 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। चयन में 24 प्रकार के 947 पद हैं। इनमें एक प्रकार के 60 पद ऐसे हैं, जिन पर चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाना है। हालांकि, इस पद का परिणाम अंतिम चयन परिणाम के साथ घोषित किया जाएगा। बाकी 887 पदों पर चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाना है जिसके सापेक्ष 2719 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। आयोग के सचिव अशोक कुमार के अनुसार, परीक्षा के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 15 रिट याचिकाएं विचाराधीन हैं। याचिकाओं से जुड़े अभ्यर्थियों (याचीगण) का परिणाम घोषित नहीं किया गया है। परीक्षा परिणाम संबंधित याचिकाओं में पारित न्यायालय के निर्णय के अधीन रहेगा। वहीं, उत्तर प्रदेश के बाहर की महिला अभ्यर्थियों का परिणाम उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से योजित विशेष अपील में उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा। सचिव के अनुसार, मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थी जिन-जिन पदों के लिए सफल घोषित किए गए है, उन पदों के लिए अधिमान्यता एवं साक्षात्कार के बारे में विस्तृत सूचना अलग से जारी की जाएगी।

## देवरिया समाचार

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**भटनी।** बलुआ अफगान मार्ग पर बुधवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। भटनी के महुरांव गांव निवासी मिश्रीलाल यादव (65) बुधवार करीब 11 बजे साइकिल से बाजार जा रहे थे। जब वे मिश्रौली दीक्षित गांव के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इससे मिश्रीलाल सड़क पर गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बेटे ओमप्रकाश यादव ने बताया कि उनका मूल निवास बिहार के विजयीपुर थाना क्षेत्र के आमघाट गांव में है। भटनी के महुरांव गांव में उन्हें नवरसा मिला है, जहां वे अपने पिता के साथ रहते थे।

## गोरखपुर समाचार

### ‘शराब की लत ने बढ़ाया टकराव, दूसरी पत्नी बनने के लिए भी हो गई थी राजी’



**गोरखपुर।** मुंबई निवासी प्रिया शेट्टी हत्याकांड का पुलिस ने भले ही पर्दाफाश कर दिया है लेकिन हत्या के तौर-तरीकों और निर्वस्त्र शव मिलने पर अब कई सवाल उठने लगे हैं। कानून के जानकारों का मानना है कि यह वारदात अचानक नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश का अंजाम है। गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र में प्रिया हत्याकांड की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे उसके निजी जीवन से जुड़े कई अहम तथ्य सामने आ रहे हैं। मंगलवार को प्रिया की सौतेली बहन किरन जायसवाल अपने पड़ोसी के साथ शहर पहुंचीं और पुलिस से सीधे संपर्क कर घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति जानने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी। बताया जा रहा है कि बेटे के हक की लड़ाई, और शराब की लत ने प्रिया और विजय में टकराव बढ़ाया।
पीपीगंज थाना प्रभारी अरुण सिंह ने बताया कि दोपहर बाद किरन और उनका पड़ोसी हवाई यात्रा के जरिये वाराणसी पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से पीपीगंज थाने आए। थाने में उन्होंने घटना के क्रम, हत्या के कारणों और अब तक की जांच प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद वे कस्बा चौकी इंचार्ज समेत चार अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मेडिकल कॉलेज स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पुलिस को दिए गए बयान में किरन ने बताया कि प्रिया का विजय कुमार साहनी के साथ रहने का मुख्य कारण अपने बेटे का भविष्य और उसका अधिकार सुरक्षित करना था। प्रिया चाहती थी कि विजय उसके बेटे की जिम्मेदारी स्वीकार करे। यही नहीं प्रिया, विजय के साथ दूसरी पत्नी के रूप में रहने को भी राजी थी। प्रिया को उम्मीद थी कि इस समझौते से उसके बेटे को स्थायित्व मिलेगा। इसी सहमति के आधार पर वह विजय के साथ रह रही थी। किरन ने बताया कि विजय के संपर्क में आने के बाद प्रिया की जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया और वह शराब की लत की शिकार हो गई। इस बात को लेकर भी दोनों के बीच कई बार झगड़ा हुआ। वह अक्सर प्रिया के साथ रहता था। ये बात विजय करी पत्नी संध्या को नागवार गुजरती थी। दो बार पुलिस केस भी संध्या ने किया था, लेकिन प्रिया के पास शादी के लीगल दस्तावेज के आगे पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। समझौते के बाद छोड़ दिया जाता था।

## सोनभद्र समाचार

### महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश, साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा ने सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें महिला आयोग की सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कीं। माननीय सदस्य ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना, साइबर उत्पीड़न सहित विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर माननीय सदस्य ने महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, मोबाइल फोन एवं इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस विभाग को दें।

## गाजीपुर समाचार

### महाराष्ट्र में सड़क हादसे में हुई थी मौत, गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार



**गाजीपुर।** जनपद के बीजापतपुर गांव में महाराष्ट्र के रत्नागिरी में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले दो सगे भाइयों के शव सुबह करीब 8 बजे उनके पैतृक गांव पहुंचे। शवों के पहुंचते ही परिजनों और पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया।
मृतकों की पहचान ओम प्रकाश यादव (52 वर्ष) और जय प्रकाश यादव (40 वर्ष) के रूप में हुयी है। दोनों भाई महाराष्ट्र के रत्नागिरि में पोकलेन और हाइवा चलाने का काम करते थे। रविवार को दोनों स्कूटी से किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई खाई में गिर गए।
इस हादसे में ओम प्रकाश यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जयप्रकाश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई।
ओम प्रकाश यादव के परिवार में तीन पुत्रियां और एक पुत्र हैं, जबकि जयप्रकाश यादव के दो पुत्र हैं। दोनों भाई अपने परिवारों के मुख्य आय स्रोत थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवारों पर गहरा संकट आ गया है।
शवों के घर पहुंचने पर बड़ी संख्या में गांव के लोग, रिश्तेदार और शुभचिंतक अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।
ग्राम प्रधान राजेंद्र यादव ने बताया कि दोनों शव गांव पहुंच गए हैं और अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन से संपर्क कर पीड़ित परिवार को अधिकतम मुआवजा और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा और परिवार की आजीविका के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने की मांग की है।

## लाइफ मंत्र

### इस दिन बरसेगी शिव-शनि की एक साथ कृपा, जानें कब है साल का पहला शनि प्रदोष?

हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रत्येक माह के दोनों पक्षों की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। जब यह व्रत शनिवार के दिन पड़ता है, तो इसे शनि प्रदोष व्रत के नाम से जाना जाता है। धार्मिक दृष्टि से शनि प्रदोष का संयोग अत्यंत कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि इस दिन भगवान शिव के साथ-साथ न्याय के देवता शनिदेव की कृपा भी प्राप्त होती है। वर्ष 2026 में भक्तों के लिए यह व्रत विशेष है। आइए विस्तार से जानते हैं साल 2026 के पहले शनि प्रदोष व्रत की तिथि, मुहूर्त, पूजा विधि और इसके महत्व के बारे में।



**साल 2026 का पहला शनि प्रदोष व्रतः**
हिंदू कैलेंडर के अनुसार, साल 2026 का पहला शनि प्रदोष व्रत फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को रखा जाएगा।

**तिथिः 14 फरवरी 2026, शनिवार**

**त्रयोदशी तिथि का आरंभः** 14 फरवरी 2026 को शाम 04:01 बजे से

**त्रयोदशी तिथि का समापनः** 15 फरवरी 2026 को शाम 05:04 बजे तक

**प्रदोष काल पूजा मुहूर्तः** शाम 06:10 बजे से रात 08:44 बजे तक

**शनि प्रदोष व्रत का धार्मिक महत्व**

शास्त्रों के अनुसार, प्रदोष व्रत के दिन महादेव कैलाश पर्वत पर प्रसन्न होकर नृत्य करते हैं। यह व्रत उन लोगों के लिए रामबाण माना गया है जो शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या महादशा से गुजर रहे हैं।
इस दिन शिव आराधना से शनिदेव शांत होते हैं। मान्यता है कि विधि-विधान से शनि प्रदोष व्रत करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है और संतान के जीवन के कष्ट दूर होते हैं। शनिदेव को शिवजी का शिष्य माना जाता है। इस दिन दोनों की संयुक्त पूजा से भक्तों के सभी रुके हुए कार्य पूर्ण होते हैं और आर्थिक बाधाएं दूर होती हैं।

**पूजा विधि**

ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। पूरे दिन निराहार रहें या फलाहार ग्रहण करें। शाम को सूर्यास्त से थोड़ा पहले पुनः स्नान करें। शिव मंदिर जाएं या घर पर ही शिवलिंग का गंगाजल, गाय के कच्चे दूध, दही, शहद और घी से अभिषेक करें।
महादेव को बेलपत्र, धतूरा, मदार के फूल, भांग और सफेद चंदन अर्पित करें। भगवान शिव के साथ माता पार्वती और गणेश जी की भी पूजा करें।

# बर्फ में परेशान आनंद



बर्फ जब इठलाते हुए जब धरती पर उतरती है तो कुदरत की वाह वाह शुरू हो जाती है लेकिन खूबसूरत प्रेमिका की तरह परेशान करना भी शुरू कर देती है। बर्फबारी के बाद छपी अखबार की ख़बरों के शीर्षक से लगता है बर्फ वरदान नहीं है, ज़बरदस्ती दिया हुआ दान है जिससे परेशानियां हो रही हैं। बर्फ ऐसी सुन्दर सजीली प्रेमिका है जो इंसान को खूब इंतज़ार करवाती है। बर्फ को प्रकृति का वरदान भी माना जाता है जिसे प्राप्त करने के लिए पूजा, पाठ, हवन यज्ञ भी किए जाते हैं लेकिन उससे पहले राजनीतिक और सामाजिक स्वार्थ पूरे करने के लिए लाखों वृक्ष फना किए जाते हैं तभी तो लोकप्रिय नेताओं की आहुतियों के वावजूद बर्फ नहीं पड़ती। सरकार का मौसम विभाग अनुमान छपवाता है कि क्रिसमस पर नहीं पड़ी तो नए वर्ष पर पड़ सकती है। उपरवाले के यहां क्रिसमस, नया साल या मकर संक्रांति जैसे दुनियावालों के बनाए हुए पर्व नहीं होते। वहां तो जिन ऊंचे पहाड़ों पर कुदरती नमी और ठंडक का संतुलन बन जाए, वहीँ बर्फ के फाहे आसमान से उतरने शुरू हो जाते हैं। बर्फ जब इठलाते हुए जब धरती पर उतरती है तो कुदरत की वाह वाह शुरू हो जाती है लेकिन खूबसूरत प्रेमिका की तरह परेशान करना भी शुरू कर देती है। बर्फबारी के बाद छपी अखबार की ख़बरों के शीर्षक से लगता है बर्फ वरदान नहीं है, ज़बरदस्ती दिया हुआ दान है जिससे परेशानियां हो रही हैं। पढ़िए, बर्फ ने मचा दिया कोहराम, बर्फ न हुई विलेन हो गई। बर्फबारी के बीच फंसे पर्यटक, पहली बार आए थे, हाइवे छतीस घंटे से बंद। भूखे प्यासे पर्यटकों ने वाहनों में काटी रात। वाहनों को पुलिस ने निकाला। सड़कें साफ़ नहीं कर पाएंगे तो ऐसा ही होगा। बर्फ जमने से गाड़ियां फिसल रही।बर्फ पर फिसलन के कारण गाड़ी पीछे सरकने लगी, गिरते हुए पेड़ से टकराई। इसमें बर्फ की गलती है, उसे ऐसा होना चाहिए जम जाए पर फिसलन न हो। बर्फबारी के बीच पैदल चलकर शादी संपन्न करनी पडी, बर्फबारी न होती तो आराम से होती। सरकारी अफसर को बारह किलोमीटर बर्फ में पैदल चलना पड़ा, बर्फ न गिरती तो अपनी सरकारी कार में आते। ठंड से कांपा प्रदेश। खौफ़नाक मंज़र। भारी बारिश, तूफ़ान, बर्फ गिरने से क्षेत्र की दो सौ अडतीस सड़कें बंद हो गई। पांच हज़ार सात सौ पचहत्तर ट्रांसफार्मर ठप। बत्तीस घंटे का बलैक आउट। मंत्रीजी उदघाटन करने नहीं आ सके। उनकी कई साल की मेहनत पर बर्फ ने पानी फेर दिया। खंबे तोड़े, बिजली बंद, इंटरनेट बंद, आम जन परेशान। इंटरनेट ऐसा होना चाहिए जो किसी भी स्थिति में चलता रहे। उदघाटन ऑनलाइन हो सकता है। सड़कें दरुस्त करने के लिए जेसीबी मंगवाई, कई खराब, कम चालक, पेट्रोल पम्प दूर। सरकारी अफसर का महत्तवपूर्ण बयान, वर्षा एवं बर्फबारी के दृष्टिगत सभी स्तरों पर, समुचित प्रबंध किए जा चुके हैं। लेकिन प्रशासन बर्फ में ध्वस्त यानी बर्फ न गिरती तो प्रशासन एक बार फिर ध्वस्त होने से बच जाता। जिन स्थानों पर बर्फ नहीं पड़ती वीडियो बनाने वालों ने वहां पर गिरती बर्फ के नकली फोटो और वीडियो पोस्ट किए और पर्यटकों को गुमराह किया। उन बेचारों के बस में इतना ही था। हां, बर्फ पड़ने से कारोबारियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कमरों के मनमाने दाम वसूले, गर्म पानी की बाल्टी महंगी बेची। टैक्सी चालकों ने मौके का फायदा उठकर कुछ किलोमीटर के हज़ारों बनाए। बदइंतजामी की ज़िम्मेदारी की काली बर्फ, सरकारी विभागों ने एक दूसरे पर लगातार फेंकी। प्रशासन आने वाली तारीखें छापकर बता रहा है कि बर्फ गिरने की संभावना है, ऐसा लगता है खबरदार रहें, संभावना नहीं आशंका है।



# बजट जी कैसे हैं [व्यंग्य]

बजट, सरकार देश और जनता के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। कहते हैं ख़ास लोगों के कारण ही देश की पहचान बनती है, आमजन के कारण तो नहीं बनती। वह बात अलग है कि इनके टैक्स देने के कारण ही सरकारी आमदनी होती है लेकिन इन पर खर्च कम किया जाता है। दुनिया को दिखाने के लिए विकास दर ज़रूरी है इसलिए हर सरकार उस पर ध्यान देती है। बजट आने के बाद विपक्षी पार्टी का यह राजनीतिक कर्तव्य है कि बजट को समाज और देश के लिए हानिकारक बताए। मंत्रियों द्वारा बजट को आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र के संकल्प का आधार बताना होता है। विपक्ष द्वारा देश के वास्तविक संकटों पर ध्यान न देने वाला कहना होता है। कोई कहेगा इस बजट में रोज़गार या नौकरी नहीं, गरीबों और गांव में रहने वालों की समझ से परे है। मंत्री कहेंगे किसानों युवाओं

**बजट भविष्य के लिए चाहे जितना सकारात्मक हो लेकिन मध्यम वर्ग और वेतन भोगियों को आज ही राहत चाहिए। जिनके पास नौकरी नहीं उनके बारे कोई नहीं सोचता। किसी ने कहा बजट तो होना ही ऐसा चाहिए जिसमें अपने लिए कुछ तलाशो या समझने की कोशिश करो तो, न तो मिले और न ही समझ में आए।**

पर केन्द्रित भविष्य का रास्ता है। विपक्षी दल की तेज़तर्रार मंत्री को यही कहना चाहिए था कि बजट दिशाहीन, दृष्टिहीन, कर्म हीन, जन विरोधी, महिला विरोधी, किसान विरोधी, शिक्षा विरोधी है। इसमें हमारे प्रदेश के लिए कुछ नहीं है। सरकार के खिलाफ न जा सकने वाले उद्योगपतियों ने नई दिशा, नया रास्ता, नया रोज़गार देने वाला, प्रतिस्पर्धा बढाने वाला, उत्पादन लागत घटाने वाला, पैसों की किल्लत दूर करने वाला और पुराने उद्योगों को बढ़ावा देने वाला बताया। एक ने कहा अमीरों की आय बढाने वाला है। कई बार कहते हैं पर्यटन को लगेंगे पंख, इस बार पढ़ा, पशुपालन और मत्स्य पालन को भी लगेंगे पंख। बुद्धिजीवी माने जाने वालों ने कहा, इस बार बजट में शायरी, कविता, साहित्यिक उदाहरण और महान संतों के विचारों को प्रवेश नहीं करने दिया। भला निवेश और विकास के सामने यह सब कैसे आते। वैसे भी दोनों अलग अलग हैं कैसे साथ में टिकते।

बजट भविष्य के लिए चाहे जितना सकारात्मक हो लेकिन मध्यम वर्ग और वेतन भोगियों को आज ही राहत चाहिए। जिनके पास नौकरी नहीं उनके बारे कोई नहीं सोचता। किसी ने कहा बजट तो होना ही ऐसा चाहिए जिसमें अपने लिए कुछ तलाशो या समझने की कोशिश करो तो, न तो मिले और न ही समझ में आए। बजट के आने पर कई बार बाज़ार भी निराश हो जाता है। केंद्र और राज्य में अलग अलग पार्टी की सरकारों के, दो विरोधी नेताओं के बयान पढ़कर आम आदमी सोचता है मैंने बजट से क्या लेना है यह हैं न दोनों विशेषज्ञ। एक कहेगा काला दिन, दूसरा कहेगा क्रांतिकारी दिन। बजट में उस राज्य सरकार के लिए लड्डू कैसे हो सकते हैं जो विरोधी पार्टी की हो। एक कहेगा न हवाई सेवा का विस्तार, पर्यटन विकास पैकेज नहीं, झुनझुना थमाया है। दूसरा फरमाएगा, महिला सशक्तिकरण और हर वर्ग के लिए विकास का वायदा किया। आम व्यक्ति यही पूछता है कि उसकी बीमारी की दवा कितने रूपए सस्ती हुई। महिलाएं जानना चाहेंगी, उनका पसंदीदा बैग कितने में पड़ेगा। विदेशी यात्रा कितने प्रतिशत सस्ती हुई। स्मार्ट फोन कितने हज़ार में मिलेगा। बजट की बारीकियों से बजट बनाने वालों ने भी क्या लेना उसके लिए प्रभाव पैदा करने वाले प्रबुद्ध अर्थशास्त्री हैं न। हर सरकार का बजट उच्चकोटि का होता है। सरकारजी ने चुनाव भी जीतने होते हैं। बजट बहुत आदरणीय है आइए आज से बजट की जगह बजटजी कहना शुरू करें।

# त्यौहार में बाज़ार



बाज़ार में जैसा चाहो, ज़रूरत के कद के मुताबिक़ चीज़ हाज़िर है। एक दम भुगतान नहीं कर सकते तो सप्रेम किश्तें पेश हैं। कोई ब्याज नहीं। बाज़ार में त्यौहार पहुंच जाए तो विक्रेता आपसी सदभाव, त्याग, मुस्कुराना और प्रेम सिखाता है। कितने ही घरों में एक दूसरे का स्वागत करना सिखाता है।

बाज़ार जोर से हंसता है, खूब अट्टहास करता है। लोहड़ी आयोजित हो चुकी, चीनी मांझे ने पतंगे और उड़ाने वाले काटे। अब होली आ रही है, खूब बिकेगा चीनी रंग। दिवाली पर भी तो उनकी लड़ियों ने खूब रोशनी की। उनसे सस्ता कौन बेच सकता है। अब तो हमने आदत डाल ली है, इस्तेमाल करो और फेंको। हमारे यहां तो इंसान को भी इस्तेमाल किया जा रहा है। त्योहार हो और उपहार न हो, हो नहीं सकता। कई दिन पहले ही शुरू हो जाते हैं। सभी महत्वपूर्ण कुर्सियों पर उपहार रखना ज़रूरी होता है ताकि गुस्ताखियां माफ़ होती रहें। बात किसी देश के खिलाफ भी हो तो क्या फर्क पड़ता है। सबसे सुन्दर और बिकाऊ चीजें तो वही बनाते हैं। वही तो बाज़ार में विराजकर सब को प्रेम की डोर में बांधती हैं। बाज़ार बसाने, जमाने और चलाने वाले, प्रेम और सद्भाव फैलाकर इंसानी इच्छाएं पूरी करने में खूब मदद करते हैं।

बाज़ार में जैसा चाहो, ज़रूरत के कद के मुताबिक़ चीज़ हाज़िर है। एक दम भुगतान नहीं कर सकते तो सप्रेम किश्तें पेश हैं। कोई ब्याज नहीं। बाज़ार में त्यौहार पहुंच जाए तो विक्रेता आपसी सदभाव, त्याग, मुस्कुराना और प्रेम सिखाता है। कितने ही घरों में एक दूसरे का स्वागत करना सिखाता है। ऊपरवाले के पदचिन्हों पर चलकर उनकी शिक्षाओं को ग्रहण करने की प्रेरणा दी जाती है, लेकिन परम्परा और संस्कृति थोड़ा परेशान हो जाती है। हालांकि सोना तो क्या चांदी खरीदना भी, बिगड़ते पर्यावरण में बारिश न होने की तरह हो गया है। एक बार मिली ज़िंदगी की इच्छाओं को किश्तें लुभाने लगती हैं। इस बदले हुए वातावरण में जेब की नहीं, बड़े दिल के खुलेपन की चलती है। दिल की सुनने में तो हम माहिर हैं ही।

बाज़ार और विज्ञापन दोनों, हाथ में हाथ डालकर काफी हद तक नंगे और फूहड़ होकर, फ़िल्मी आइटम नंबर की तरह नाचते हैं। दिमाग में घुसकर उकसाते हैं। जो नागरिक सम्मानित उपभोक्ता बनने लायक है ऑनलाइन बिक्री ने उसे बनाकर रख दिया है। गांव की गलियों में भी, कहीं भी प्रयोग किए जाने वाले नए उत्पाद आकर्षक ऑफर्स के साथ नृत्य कर रहे हैं। स्मार्ट फोन ही नहीं, दर्जनों स्मार्ट चीज़ों ने हर आंख, हाथ, शरीर, दिल और दिमाग में स्मार्टनेस भर दी है। फैशन, प्रवृति, नक़ल, जलन, प्रतिस्पर्धा, स्वाद और स्वतंत्रता का प्रकाश हर घर में पहुंच जाता है तो बाज़ार फिर ठहाका लगाकर हंसता है। उसकी यह हंसी बहुत से ग्राहकों को समझ नहीं भी आती। धनतेरस, मनतेरस और तनतेरस आकर्षक कपडे पहने, खूबसूरत प्रेरणा की तरह आती और लुभाती हैं। भारतीय चिकित्सा परम्परा के जनक से सम्बद्ध होने के कारण, बाज़ार ने इसे लपककर सिर्फ धन से जोड़ दिया है जिसका मतलब ग्राहक बन पुण्य प्राप्त करना है। ग्राहक इस सन्देश को समझ गया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य तो कब से बाज़ार की गोद में बैठे हैं। उन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं कि अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के बैठने के लिए बेंच तक नहीं। बाज़ार को तो परम्परा, सभ्यता, संस्कृति, व्यव्हार और मानवीय मूल्यों का चटपटा अचार डालने से मतलब है। बाज़ार कारीगर है। उसे उत्सवधर्मिता, धार्मिक भावनाओं का स्वादिष्ट कचूमर बनाकर बेचना भी खूब आता है। जैसे त्योहारों की सदभावना को कोई हरा नहीं सकता, बाज़ार की दुर्भावनाओं से कोई जीत नहीं सकता।


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762





मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज. वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170